आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे

मुख्य समाचार

- प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए मतदान कल–सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक डाले जाएंगे वोट।
- राज्य निर्वाचन विभाग ने उपचुनाव के लिए किए पुख्ता प्रबंध–तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 2 लाख 55 हज़ार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उपचुनाव में मतदाताओं से बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की।
- बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा– प्रदेश में सेब के लिए टेलिस्कोपिक कार्टन के इस्तेमाल पर पूरी तरह रहेगा प्रतिबंध।

..........

विधानसभा उपचुनाव

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में होने वाले उपचुनाव के लिए कल 10 जुलाई को वोट डाले जाएंगे। राज्य निर्वाचन विभाग ने मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा, जबकि मतगणना 13 जुलाई को होगी।

वीओ– हिमाचल प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में कल होने वाले उपचुनाव के लिए तीन सौ 15 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। हालांकि तीनों सीटो पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच ही देखा जा रहा है। देहरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में हैं, जबकि भाजपा ने पूर्व निर्दलीय विधायक होशियार सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में इस सीट पर मुकाबला रोचक हो गया है। वहीं हमीरपुर में भाजपा के आशीष शर्मा और कांग्रेस के डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा चुनावी मैदान में है। हमीरपुर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का गृह जिला है ऐसे में यह उपचुनाव दोनों नेताओं के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। इसी तरह नालागढ़ में भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर और

कांग्रेस के हरदीप बाबा के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे के बाद इन तीनों सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। भाजपा ने तीनों पूर्व निर्दलीय विधायकों को अपना प्रत्याशी बनाया है।

रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।

## मतदाता

इस बीच इन तीन विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप–चुनावों में कुल 2 लाख 55 हज़ार 4 सौ 17 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 93 हज़ार 8 सौ 31, देहरा में 84 हज़ार 6 सौ 94 और हमीरपुर में 76 हज़ार 8 सौ 92 सामान्य मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 6 हज़ार 5 सौ 23 मतदाता 18 से 19 वर्ष आयु के, 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 3 हज़ार 3 सौ 34, शतायु 72, जबकि 2 हज़ार 3 सौ 90 दिव्यांगजन मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उप–चुनावों के लिए कुल 3 सौ 15 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार ने पिछले डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में जनकल्याण का एक नया अध्याय जोड़ा है और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। एक बयान में उन्होंने राज्य सरकार की अब तक की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं, महिलाओं, किसानों व बागवानों सहित कर्मचारियों के हित में अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने धनबल के उपयोग से प्रदेश में चुनी हुई सरकार को गिराने का षड़यंत्र रचा, जिसमें वे पूरी तरह विफल रहे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर में कल होने वाले उपचुनाव में क्षेत्र की जनता भाजपा की धनबल की राजनीति को नकार कर उन्हें सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि इन उपचुनावों के परिणाम के बाद प्रदेश में कांग्रेस विधायकों की संख्या 41 हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील भी की है।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में आए दिन भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं और इन मामलों में मुख्यमंत्री का नाम सामने आना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार से हर वर्ग परेशान है और अब लोगों ने इस भ्रष्टाचारी सरकार को पूरी तरह नकार दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य सरकार सत्ता का दुरूपयोग कर रही है और सरकार ने तानाशाही की सारी सीमाएं लांघ दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप्प हो गए हैं और सरकार युवाओं, किसानों, बागवानों और बेरोजगारों के साथ धोखा कर रही है। जयराम ठाकुर ने दावा किया कि प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर में कल होने वाले उपचुनावों में भाजपा की जीत होगी।

सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रदेश में उपचुनाव के परिणाम के बाद सरकार में नेतृतव परिवर्तन होना निश्चित है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की झूठी घोषणाओं व भ्रष्टाचार से प्रदेश की जनता त्रस्त है और इन उपचुनावों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ेगा। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बुरी तरह चरमा गई है और सरकार सत्ता का दुरूपयोग कर रही है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश में सेब के लिए टेलिस्कोपिक कार्टन के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस वर्ष सेब को यूनिवर्सल कार्टन में बेचने का निर्णय लिया है, जिसे विभाग द्वारा सख्ती से लागू किया जाएगा। जगत सिंह नेगी ने कहा कि कुछ लोग यूनिवर्सल कार्टन को लेकर बागवानों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि प्रदेश सरकार ने यूनिवर्सल कार्टन लागू करने का फैसला बागवानों और बागवानी से जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स के साथ विचार विमर्श करने के बाद लिया है। उन्होंने बागवानों को अफवाहों से बचने और जागरूक रहने की सलाह दी है।

कंगना रनौत

मंडी संसदीय क्षेत्र से सांसद कंगना रणौत ने कहा है कि कुल्लू शहर में कूड़ा संयंत्र केंद्र स्थापित करने के लिए वन विभाग से भूमि की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने आज कुल्लू में उपायुक्त तोरूल एस रवीश से मुलाकात कर इस समस्या के समाधान के लिए ज़रूरी विषयों पर चर्चा की। कंगना रनौत ने कहा कि कूड़ा

संयंत्र केंद्र स्थापित करने के लिए किसी से भी जबरन भूमि नहीं ली जा सकती। उन्होंने कहा कि इंदौर की तर्ज पर कुल्लू में भी आधुनिक कूड़ा संयंत्र स्थापित करने के प्रयास तेज़ किए जाएंगे। गौरतलब है कि कुल्लू शहर में पिछले लम्बे समय से कूड़ा संयंत्र केंद्र स्थापित करने को लेकर नगर परिषद को विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

सम्पूर्णता अभियान

भारत सरकार के आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे सम्पूर्णता अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। चार जुलाई से शुरू हुआ ये अभियान 30 सितंबर तक चलेगा। प्रदेश के आकांक्षी ज़िला चंबा में संपूर्णता अभियान के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति और कार्यान्वयन में पेश आने वाली मुश्किलों व चुनौतियों पर चर्चा के लिए आज उपायुक्त कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। भारतीय उच्च आयोग मापुटो के परामर्शदाता नरेश कुमार ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए चंबा में आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत चल रहे विकास कार्यों पर संतोष जताया। इस दौरान अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा ने जिले में चल रहे विभिन्न संकेतकों की विस्तृत जानकारी साझा की।

क्वालिटी सर्टिफाइड

ऊना जिले का सिविल अस्पताल हरोली राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के तहत क्वालिटी सर्टिफाइड बनने की उपलब्धि हासिल करने वाला प्रदेश का दूसरा सिविल अस्पताल बन गया है। ऊना के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव वर्मा ने ये जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा गठित टीम ने पिछले वर्ष राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत इस अस्पताल का निरीक्षण किया था। उन्होंने कहा कि निरीक्षण में संस्थान के 7 विभागों का मूल्यांकन किया गया और यह प्रमाणिकता अगले तीन वर्षों के लिए वैध है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए रहे, हालांकि कुछ स्थानों पर रूक–रूककर हल्की वर्षा हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान नादौन में सर्वाधिक 34 दशमलव पांच मिलीमीटर, वांगतू में 32 दशमलव 8, अग्घार में 21 दशमलव 4, भोरंज में 16, कसौली में 15 जबकि नाहन में 13 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है। विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट भी जारी किया है। इधर राजधानी शिमला के लक्कड़ बाजार स्थित पुराने बस अड्डे के पास भूस्खलन के कारण

करीब 8 दुकानों को खतरा पैदा हो गया है। ऐसे में नगर निगम ने एहतियात के तौर पर इन दुकानों को खाली करने के आदेश दिए हैं और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

भर्ती

भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत वर्ष 2024–25 के लिए सोलन, शिमला, सिरमौर और किन्नौर जिलों के ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा पास किए उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन 3 से 9 सितम्बर तक किया जाएगा। भर्ती निदेशक शिमला ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा में सफल हुए सभी उम्मीदवार अपने सिविल दस्तावेजों के सत्यापन अवश्य साथ लाएं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सूचना उम्मीदवारों के मोबाइल पर एस.एम.एस. या उनके पंजीकृत ईमेल आई.डी. पर भी भेजी जाएगी।

नमस्कार।